हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार 13 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 18.0 डिग्री
न्यूनतम 1.6 डिग्री

11 विधायकों और मेयर ने किया स्वामी विवेकानंद को नमन

12 स्वदेशी अपनाने से राष्ट्र होगा विकसित : प्रो. सुदेश





## खबर संक्षेप

### टीएमएस योजना के लिए 20 तक आवेदन

**गोहाना।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा गन्ना तकनीकी परियोजना (टीएमएस) तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत किसानों से आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 20 जनवरी कर दिया गया है।

### ट्रेन की चपेट में आए युवक की नहीं हो पाई पहचान

**सोनीपत।** अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग पर सोनीपत स्टेशन के पास अमृतसर से दिल्ली जाने वाली गाड़ी संख्या 12014 नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसा सोमवार दोपहर करीब 12 बजे डाउन ट्रैक पर सोनीपत रेलवे स्टेशन के पास हुआ। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया।

### चोरी की नीयत से जेल में घुसे युवकों को जेल भेजा

**सोनीपत।** जिले के थाना सिविल लाइन सोनीपत पुलिस ने घर से सामान चोरी करने की कोशिश की घटना में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान सोनू और सूरज निवासी के रूप में हुई है। इस संबंध में आनंद नगर निवासी विक्रम पुत्र प्रेम सिंह ने थाना सिविल लाइन में शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार 11 जनवरी की सुबह वह घर से बाहर आया तो उसने सामने वाले खाली मकान में दो युवकों को घूमते देखा। शक होने पर उसने अंदर झांककर देखा तो घर का दरवाजा खुला हुआ था और दोनों युवक कमरे में अलमारी व पेटी को टटोल रहे थे। विक्रम ने पड़ोसियों को बुलाकर दोनों को मौके पर ही पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### शिविर में 47 नागरिकों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में सोमवार को 47 नागरिकों ने रक्तदान किया। शिविर हर सप्ताह की तरह शहर में सोनीपत मार्ग टी-प्वाइंट पर भगवान परशुराम चौक में आयोजित हुआ। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि सीए राजेश भारद्वाज थे। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की। संयोजन स्टार रक्तदान एवं समाजसेवी सुरेंद्र विश्वास का रहा।

ऐसे कैसे स्वच्छ होगी शहर की आबोहवा, हमारी लापरवाही हम पर ही भारी

# शहर में दिन ढलते ही लोग जला रहे कूड़ा एक्यूआई बढ़कर पहुंचा 139 पर

■ प्रतिबंधों में ढील मिलते ही सक्रिय हुए असामाजिक तत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले की फिजाओं में एक बार फिर जहर घुलने लगा है। बीते कुछ दिनों से वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद अब लापरवाही का दौर शुरू हो गया है। जैसे ही जिले में प्रदूषण का स्तर कम हुआ और ग्रैप के कड़े प्रतिबंधों में ढील मिली वैसे ही असामाजिक तत्वों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में कूड़े के ढेरों को आग के हवाले करना शुरू कर दिया है। यह स्थिति तब है जब प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लगातार पर्यावरण संरक्षण का दावा कर रहे हैं। रात के अंधेरे में शहर के प्रमुख मार्गों और रिहायशी इलाकों के पास जलता कूड़ा न केवल हवा को खराब कर रहा है बल्कि स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य के लिए भी बड़ा खतरा बन गया है।


**सोनीपत।** शहर में लगाई गई आग से निकलता धुआं।

### ओल्ड डीसी रोड जलाया कूड़ा

शहर के भीतर और बाहरी इलाकों में रात होते ही कूड़े के ढेर धधकने लगते हैं। विशेष रूप से कच्चे क्वार्टर के समीप स्थित ओल्ड डीसी रोड और बहालगढ़ के आसपास के क्षेत्रों में कूड़े में आग लगाए जाने की खबरें लगातार मिल रही हैं। अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ आरोपित तत्व कूड़े के ढेर में माचिस लगा देते हैं। दिन के समय तो कुछ स्थानों पर आग बुझा दी जाती है या लोग सतर्क रहते हैं लेकिन रात होते ही निगरानी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। रात के समय न तो नगर निगम की टीमें गश्त करती हैं और न ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का कोई अधिकारी मौके पर नजर आता है। इसी का परिणाम है कि रविवार को सोनीपत का वायु गुणवत्ता सूचकांक जो 121 पर था वह सोमवार को बढ़कर 139 तक पहुंच गया। वायु प्रदूषण के आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले साल दिसंबर माह के पहले सप्ताह में एक्यूआई 300 से अधिक दर्ज किया गया था। उसके बाद पूरे माह यह 225 से 299 के बीच बना रहा।

पहली जनवरी से ही मौसम और कड़े नियमों के चलते सुधार की प्रक्रिया शुरू हुई थी लेकिन अब यह राहत फिर से धुएं में तब्दील होती दिख रही है। ग्रैप 3 के नियम हटते ही नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण विभाग की सक्रियता में भारी गिरावट आई है। जिन इलाकों में पहले सख्ती से जांच की जाती थी अब वहां खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। न तो आरोपित व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया जा रहा है और न ही उन पर किसी तरह की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### जागरूकता की कमी : सूरा

इस गंभीर मुद्दे पर पर्यावरण मित्र देवेंद्र सूरा का कहना है कि कूड़ा जलाने की मुख्य वजह लोगों में जागरूकता की भारी कमी है। लोग यह नहीं समझ पा रहे हैं कि प्लास्टिक और पॉलिथीन जैसे कचरे को जलाने से निकलने वाला धुआं कितना खतरनाक हो सकता है। यह केवल धुंआ नहीं है बल्कि एक धीमा जहर है जो हर सांस के साथ इंसानी शरीर को खोखला कर रहा है। पर्यावरण प्रेमियों ने भी इस पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब तक जिले में कूड़ा प्रबंधन की वैज्ञानिक प्रणाली को मजबूती से लागू नहीं किया जाएगा तब तक ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाना नामुमकिन है।

### लोग बोले- शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही

प्रशासनिक स्तर पर बरती जा रही यह ढील बच्चों और बुजुर्गों के लिए सबसे अधिक परेशानी का सबब बन रही है। सांस के मरीजों के लिए यह जहरीला धुआं किसी बड़ी आफत से कम नहीं है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद प्रशासन की ओर से ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

### रात को निगरानी बढ़ाने की मांग

कूड़े का वैज्ञानिक निपटान सुनिश्चित करने और रात के समय निगरानी बढ़ाने की सख्त आवश्यकता है। यदि समय रहते इन घटनाओं को नहीं रोका गया तो सोनीपत एक बार फिर प्रदूषण के उस खतरनाक स्तर पर पहुंच जाएगा जहां सांस लेना भी दूभर हो जाएगा। प्रशासन और नागरिकों दोनों को ही अपनी जिम्मेदारी समझते हुए शहर की हवा को स्वच्छ रखने में सहयोग देना होगा।

### कचरा जलने की तुरंत सूचना दें, कार्रवाई करेंगे

कूड़ा जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है और ऐसा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई का प्रावधान है। यदि किसी क्षेत्र में कूड़ा जलाने की सूचना मिलती है तो संबंधित एजेंसियों को तुरंत सूचित किया जाता है। आने वाले दिनों में रात की गश्त और औचक निरीक्षण बढ़ाने के निर्देश दिए जाएंगे।

-अजय मलिक, क्षेत्रीय अधिकारी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सोनीपत

## सर्दी का सितम


**सोनीपत।** जिले में ठंड का सितम जारी है। सोमवार का दिन इस सीजन का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया जिसमें बर्फीली हवाओं और घने कोहरे ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा दी। न्यूनतम तापमान गिरकर 1.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जो सामान्य से 2.1 डिग्री कम दर्ज किया गया। ...विस्तृत पेज 12 पर

बिधलान में वारदात: वाहन के नीचे प्लास्टिक की थैलियां व लकड़ी रखकर जला दिया

## घर के बाहर खड़ी कार में शरारती तत्वों ने लगाई आग

**खरखौदा।** बिधलान गांव में रविवार रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने एक कार के नीचे प्लास्टिक की पन्नी व लकड़ी डालकर उसमें आग लगा दी। जिससे कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। सोनू ने बताया कि रविवार की देर रात को उसकी सेंट्रो कार घर के पीछे खड़ी थी। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी कार के नीचे प्लास्टिक की पन्नी व लकड़ी डालकर उसमें आग लगा दी गई । जिससे उसकी कार पूरी तरह जल गई। पुलिस को इस घटना के बारे में सूचना दी गई। सोमवार को एफएसएल टीम द्वारा जांच की गई। पुलिस भी गहनता के साथ मामले की जांच कर रही है।



## फर्जी दस्तावेज पर 36 कनाल भूमि बेचने का आरोप

**गन्नौर।** तहसील में गन्नौर के गांव बांय में 36 कनाल जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कर धोखाधड़ी से बिक्री किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में दिल्ली निवासी व्यवसायी विकास कुमार पाडिया ने तहसील प्रशासन को दरखास्त देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने आपसी साजिश के तहत फर्जी अथॉरिटी लेटर और जाली हस्ताक्षरों के सहारे उनकी फर्म की जमीन गैरकानूनी तरीके से बेच दी। पुलिस को दी शिकायत में विकास कुमार पाडिया निवासी शालीमार बाग, दिल्ली ने बताया कि उनकी फर्म स्पाज एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड ने वर्ष 2011 में गांव बांय, तहसील गन्नौर में स्थित कुल 36 कनाल जमीन दो रजिस्ट्रियों के माध्यम से खरीदी थी। पहली रजिस्ट्री नंबर 1666 , 24 जून 2011 से 12 कनाल 16 मरले तथा दूसरी रजिस्ट्री नंबर 1665 से 23 कनाल 4 मरले जमीन खरीदी गई थी। खरीद के बाद से ही उक्त जमीन पर फर्म का कब्जा है और उसकी देखरेख उनके परिचित अजय जैन द्वारा की जाती रही है। शिकायत में बताया कि दिसंबर 2025 में उन्होंने अपनी जमीन पर बिजली का ट्यूबवेल कनेक्शन लिया, सफाई करवाई और एक कमरा भी बनवाया था। इसी दौरान 10 जनवरी 2026 को अजय जैन के मोबाइल पर एक व्यक्ति राजपाल द्वारा फोन कर बताया गया कि जिस जमीन की वे देखरेख कर रहे हैं, उसकी रजिस्ट्री हो चुकी है।

## करोड़ों की धोखाधड़ी का फरार अकाउंटेंट गिरफ्तार

**सोनीपत।** पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने करीब ढाई करोड़ की धोखाधड़ी में बलिया (उत्तर प्रदेश) के मिलनदीप को गुजरात के सूरत से गिरफ्तार किया है। मौजूदा समय में नरेला की संजय कॉलोनी में रह रहे इस आरोपित पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सोनीपत जिले के गांव रसोई स्थित पार्कर रेजीडेंसी के संजीव ने जुलाई 2024 में पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायत दी थी। आरोपित मिलनदीप शिकायतकर्ता की फर्म में जुलाई 2015 से जून 2024 तक अकाउंटेंट के पद पर था। 21 जून 2024 को ऑडिट में पता चला कि आरोपित ने वर्ष 2019–20 से फर्जी कंपनियों के नाम पर कंपनी के खातों से 2 करोड़ 50 लाख की धनराशि ट्रांसफर की है। इसकी बैंक स्टेटमेंट शिकायत के साथ संलग्न की गई थी। संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने के साथ ही शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी भी देने का आरोप है। एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद आरोपित लंबे समय से भागा हुआ था। इसके चलते थाना कुंडली पुलिस ने उस पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। अब आर्थिक अपराध शाखा के एसआई रविंद्र, सिपाही अंकित और एसपीओ राजेश की टीम ने तकनीकी विश्लेषण, सूचना और लगातार प्रयासों के आधार पर आरोपित मिलनदीप को गुजरात के सूरत से गिरफ्तार किया।

प्रो. असीम कुमार घोष ने बालभवन में बच्चों के साथ मनाया पर्व

# लोहड़ी का त्योहार जीवन, प्रकृति और सामूहिक खुशियों का उत्सव : राज्यपाल

राज्यपाल व अन्य ने हवन में आहूति डाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिला बाल भवन में सोमवार को राज्य स्तरीय लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक रंगों के साथ मनाया गया। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित इस राज्य स्तरीय लोहड़ी समारोह में राज्यपाल एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष प्रो. असीम कुमार घोष, उनकी पत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा मित्रा घोष तथा मुख्यमंत्री की पत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने लोहड़ी की पवित्र अग्नि में आहुति दी। राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि लोहड़ी केवल फसल का त्योहार नहीं, बल्कि जीवन, प्रकृति और सामूहिक खुशियों का उत्सव है। यह सर्दियों के अंत और नए कृषि चक्र की शुरुआत का प्रतीक है, जो आशा, समृद्धि और नई शुरुआत का संदेश देता है।



### युवाओं का संस्कृति से जुड़ना जरूरी : राज्यपाल

राज्यपाल ने कहा कि लोहड़ी की पवित्र अग्नि हमें गर्मजोशी, एकता और प्रकृति की प्रचुरता के प्रति कृतज्ञता की याद दिलाती है। हरियाणा समृद्ध परंपराओं, गहरी जड़ों वाले मूल्यों और जीवंत सांस्कृतिक विरासत की भूमि है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि जब युवा अपनी जड़ों, संस्कृति और विरासत से जुड़ते हैं, तो संस्कृति जीवंत रहती है। इस मौके पर राई से विधायक कृष्णा गहलावत, सोनीपत से विधायक निखिल मदान व उनकी धर्मपत्नी निखिता मदान, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली की धर्मपत्नी गीता कौशिक, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की सचिव सुषमा गुप्ता, नगर निगम मेयर राजीव जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष गोहाना बिजेन्द्र मलिक, सुमित्रा चौहान, महामंत्री तरूण देवीदास व अधिकारी मौजूद रहे।

### डीसीआरयूएसटी के 2026 के कैलेंडर का विमोचन किया



**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल के आधिकारिक वर्ष 2026 कैलेंडर का विमोचन हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. असीम घोष ने किया। कैलेंडर में भारतीय संस्कृति और परंपराओं की झलक के साथ-साथ विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों को प्रमुखता से दर्शाया गया है। चंडीगढ़ स्थित राजभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने कैलेंडर का विमोचन किया।

## युवक के अपहरण में वांछित पांच हजार का इनामी पकड़ा

■ आरोपी प्रवीण को आज अदालत में पेश करेगी पुलिस

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट खरखौदा ने युवक को अगवा कर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की घटना में संलिप्त 5 हजार रुपये के इनामी आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान प्रवीण निवासी गांव भटगांव, जिला सोनीपत के रूप में हुई है।इस संबंध में 7 जून 2025 को सचिन पुत्र शीशपाल निवासी गांव भटगांव ने थाना सदर सोनीपत में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार 6 जून को वह अपने मित्र तुषार के साथ खाटू श्याम मंदिर से दर्शन कर मोटरसाइकिल से लौट रहा था। रास्ते में हर्ष पुत्र देवेंद्र और उसके साथियों ने जानबूझकर उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे अन्य युवकों ने दोनों के साथ मारपीट की। आरोप है कि प्रवीण ने सचिन के हाथ पर चाकू से हमला किया। शिकायत के अनुसार आरोपितों ने पिस्तौल दिखाकर सचिन का अपहरण करने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। मामले में अभियोग दर्ज होने के बाद प्रवीण फरार चल रहा था, जिस पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। क्राइम यूनिट खरखौदा के प्रभारी उप निरीक्षक रविन्द्र कुमार की टीम ने गुप्त सूचना व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसे गिरफ्तार किया। आरोपित को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## औद्योगिक क्षेत्र में बिजली सप्लाई को लेकर उद्योगपति परेशान



■ निगम के साथ बैठक, जल्द समाधान का आश्वासन

**गन्नौर ।** बड़ी इंडसट्रियल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के कार्यालय में औद्योगिक क्षेत्र में बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर सोमवार को बिजली विभाग और उद्योगपतियों के बीच बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिजली विभाग के एसडीओ सतीश गोयत ने औद्योगिक इकाइयों के संचालकों की समस्याएं सुनीं और जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। उद्योगपतियों ने बैठक में बताया कि हर वर्ष गर्मी के मौसम में ओवरलोड की समस्या के कारण औद्योगिक क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित होती है। बार-बार ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से उत्पादन कार्य ठप हो जाता है, जिससे उद्योगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि समय पर बिजली न मिलने से श्रमिकों का कार्य भी प्रभावित होता है। उद्योगपतियों ने मांग की कि औद्योगिक क्षेत्र के सब स्टेशन में बिजली आपूर्ति क्षमता बढ़ाने के लिए नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाए।

रोहतक, मंगलवार
13 जनवरी 2026
हरिभूमि
# सहेली
मकर संक्रांति विशेष



मकर संक्रांति पर्व असल में प्रकृति के बदलाव का उत्सव है। इन दिनों स्त्रियों का उल्लास-उमंग देखते ही बनता है। मकर संक्रांति से ही घर-परिवार में विवाह या दूसरे शुभ कार्य आरंभ हो जाते हैं। यह पर्व हमारे खान-पान और दिनचर्या में भी बदलाव लेकर आता है। गुड़, तिल से बने स्वादिष्ट व्यंजन और आकाश में उड़ती-लहराती पतंगें, हमारे मन और जीवन को नव ऊर्जा से भर देती हैं।

## मकर संक्रांति
## नव ऊर्जा और अपनेपन का उत्सव

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

घर-परिवार में त्योहारों के उत्सवीय रंगों की डोर स्त्रियां ही थामती हैं। महिलाएं पारंपरिक अनुष्ठानों और रीति-रिवाजों की धुरी कही जाती हैं। बहू-बेटियां उत्सवों के परंपरागत और आध्यात्मिक महत्व को मन से समझती हैं। त्योहारों पर घर-आंगन की सज-धज से जुड़ी रचनात्मकता हो या मेल-जोल की सामूहिकता, महिलाएं बहुत सहजता से जीवन के हर पहलू को संभाल लेती हैं। पूरे माहौल को ऊर्जा और सकारात्मकता से भर देती हैं।

### प्रकृति का उत्सव और स्त्रीमन

उमंगों और पतंगों का पर्व संक्रांति, असल में प्रकृति के बदलाव का भी उत्सव है। स्त्रियों का मन वैचारिक और व्यावहारिक दोनों मोर्चों पर कुदरत के करीब होता है। असल में संक्रांति का पर्व अकेला ऐसा हिंदू त्योहार है, जो चंद्र पंचांग के हिसाब से नहीं बल्कि सौर पंचांग के हिसाब से मनाया जाता है। प्राकृतिक घटनाओं के आधार पर देखें तो संक्रांति का अर्थ ही परिवर्तन या गति है। उत्तरायण का शुभ काल, शुरू होने के चलते साल भर में आने वाली 12 संक्रांतियों में मकर संक्रांति सबसे अहम होती है। उत्तरायण का समय देवी-देवताओं के पूजन का समय माना जाता है। यही वजह है कि इस पर्व के बाद कई त्योहार आते हैं। शुभ मुहूर्त और शुभ कार्य आरंभ होते हैं। ठिठुरती ठंड और घने कोहरे के बाद आने वाले देशभर के इस प्यारे त्योहार पर स्त्रियों का उल्लास भी देखते ही बनता है। घर-परिवार में विवाह हो या कोई दूसरा शुभ कार्य, महिलाओं को सबसे अधिक चाव होता है। साथ ही यह त्योहार हमारे रहन-सहन, खान-पान और दिनचर्या में बदलाव लेकर आता है। बदलते मौसम की इस रुत में भी महिलाओं के मन और जीवन में भी नई ऊष्मा का संचार होता है।

### जुड़ाव और एकता का उत्सव

परिवार हो या देश-परिवेश, सामाजिक सद्भाव और एकता की डोर से स्त्रियां सबके दिलों को जोड़ती हैं। सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े मान-मनुहार के भाव महिलाओं ने ही सहेज रखे हैं। मित्रों-रिश्तेदारों का मेलजोल मकर संक्रांति के त्योहार का अहम हिस्सा होता है। मान्यता है कि इस दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि के घर उनसे मिलने जाते हैं। असल में मकर राशि को शनि देव का घर माना जाता है। संक्रांति का त्योहार, सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का ही उत्सव है। आध्यात्मिक रूप से भी यह मान्यता रिश्तों को मजबूती देने और मेलजोल बनाए रखने का ही संदेश लिए है। यूं भी सूर्य अपना प्रकाश, ऊर्जा और रोशनी की सौगात पूरे संसार को बिना किसी भेदभाव के बांटता है। साथ ही सूर्य का उत्तर दिशा में होना भी आध्यात्मिक रूप से काफी महत्व रखता है। ऐसे में उत्तरायण का उत्सव एकता की सोच को भी सींचता है। सहज जीवन में इसे महिलाएं ही खाद-पानी देती हैं। मकर संक्रांति के पर्व पर स्नान और दान का भी बहुत महत्व है। इस दिन तिल, गुड़, खिचड़ी, फल या आर्थिक मदद देने की रीत है। महिलाएं किसी की सहायता करने वाली रीत निभाने में आगे रहती हैं। इस त्योहार पर जरूरतमंदों को अनाज, कपड़े या दूसरी चीजें दान करने की सोच स्त्रीमन में मौजूद सामाजिक जिम्मेदारी की भावना से ही मिलवाती है।

### पतंगों के संग उमंगों का उत्सव

बच्चे हों या बड़े, मकर संक्रांति का त्योहार सभी के लिए रंग-बिरंगी पतंगों का एक उत्सव होता है। हमारे देश के कई राज्यों की पतंगबाजी तो दुनिया भर में चर्चित है। वैसे यह त्योहार हर क्षेत्र में अलग रंग, अलग ढंग से मनाया जाता है। इस दिन आंध्र प्रदेश, केरल और कर्नाटक में संक्रांति और तमिलनाडु में पोंगल का त्योहार मनाया जाता है। पंजाब और हरियाणा में इस समय नई फसल घर लाने का उत्सव लोहड़ी के रूप में मनाते हैं। वहीं असम में इस दिन बिहू पर्व का उल्लास छाया रहता है। बिहू उत्सव में नृत्य करतीं स्त्रियां हों या लोहड़ी पर गिद्दा नृत्य का उल्लास बिखेरती महिलाएं। पतंगबाजी के पेच लड़ाती बेटियां हों या पोंगल के पारंपरिक अनुष्ठान में घर के द्वार पर सुंदर कोलम रंगोली सजाने वाली महिलाएं। हर रूप में यह पर्व महिलाओं के मन की उमंगों की झांकी-सा होता है। पोंगल पर्व पर तो थाई पोंगल यानी सूर्य पूजा और मट्टू पोंगल यानी पशु पूजा के समय महिलाएं ही पूजा अनुष्ठानों का नेतृत्व करती हैं। साथ ही पूरे परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं। वहीं उत्तर भारत की पतंग उड़ाने की परंपरा भी मनोरंजन भर नहीं है। डोर से बंधी आसमान में उड़ती पतंग, आपसी रिश्तों को भी जोड़ती है। मेल-मिलाप का यह रंग आंगन की बजाय छतों-चौबारों की साझी बैठकी में खिलता है। समरसता के इस भाव को भी स्त्रियां ही बल देती हैं।



### सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को पोसती लोहड़ी

लोहड़ी का पर्व भी प्रकृति का आभार जताने का ही उत्सव है। हमारे कृषि प्रधान देश में लोहड़ी का त्योहार फसलें कटकर घर आने की खुशी में मनाया जाता है। साथ ही यह पर्व सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को भी पोसता है। विशेषकर पंजाब और हरियाणा में धूमधाम से मनाए जाने वाले इस पर्व को तिलोड़ी भी कहते हैं। शादी के बाद की पहली लोहड़ी बहुत खास होती है। पारंपरिक रूप से बेटे के जन्म के बाद पहली लोहड़ी बहुत धूमधाम से मनाई जाती थी। बेटे के जन्म के बाद घर में ढोल-नगाड़ों से उसका स्वागत किया जाता था और पहली लोहड़ी पर गांव भर में उसके आगमन की मिठाई बांटी जाती थी। सुखद है कि लाडलियों के प्रति परिवार-समाज में आई सहज स्वीकार्यता की सोच से घर-परिवार में एक बड़ा बदलाव दिखने लगा है। अब बिटिया की पहली लोहड़ी भी खूब हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। शादी के बाद भी बेटी की पहली लोहड़ी पर मायके वाले त्योहारी भिजवाते हैं। यह स्नेह भरा शगुन उन्हें अपने आंगन से जोड़े रखने की सोच लिए है। मूंगफली और रेवड़ी का प्रसाद और लोकगीतों का साथ इस पर्व को बहुत खास बना देता है।



## खुश रहना भी एक आर्ट है

हर कोई चाहता है, वह खुश रहे। लेकिन खुश रहने का कोई बना-बनाया फॉर्मूला नहीं होता है। यह एक आर्ट ऑफ लाइफस्टाइल है। आप अपनी डेली रूटीन लाइफ में कुछ छोटे बदलाव करके भी खुश रह सकती हैं। यहां दी गई बातें अमल में लाएं और हमेशा खुश रहें।



जीवनशैली
अलका जैन

रविवार की सुबह आभा पार्क में टहल रही थी, तभी सामने से उसे राधा आती दिखी। हमेशा की तरह वह मुस्कुराते हुए मिली, बातें कीं। लेकिन उसकी आंखों में कहीं न कहीं एक मायूसी थी। आभा ने पूछा, 'सब ठीक है न?' राधा ने ठंडे स्वर में 'हां' तो कहा लेकिन उसकी मुस्कान बनावटी सी लगी। हम में से कई लोग अकसर अपनी थकान, उदासी या तनाव को मुस्कुराहट के पीछे छुपा लेते हैं, सिर्फ इसलिए कि दुनिया हमें खुश देखे। वास्तव में खुश रहना एक आर्ट है। इसके लिए आपको यहां बताई जा रही कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

**इन लक्षणों को पहचानें:** मन से नाखुशी, हमेशा शब्दों में प्रकट नहीं होती, संकेतों के रूप में भी सामने आती है। इन्हें पहचानना जरूरी है। हर समय थकान महसूस होना। पहले पसंद आने वाले कामों में रुचि कम हो जाना। नींद या भूख में बदलाव। मित्रों और जानने वालों से दूरी बना लेना। इन संकेतों को नजरअंदाज करना आसान है, लेकिन यही वह पल है, जब आपको रुककर खुद से पूछना चाहिए- 'मैं सच में कैसा महसूस कर रही हूं?' अगर उत्तर पॉजिटिव न मिले तो लाइफस्टाल में बदलाव करें।



**सही नहीं तुलना करना:** हर बात में दूसरों से तुलना, धीरे-धीरे आत्मसम्मान को चोट पहुंचाती है। किसी की करियर की सफलता, किसी का खूबसूरत घर या सोशल स्टेटस देखकर इंफीरियर महसूस करने से आप बेवजह अपने को खुशी से दूर कर लेती हैं। सच यह है कि किसी की भी जिंदगी परफेक्ट नहीं होती। इसलिए दूसरों से तुलना करने से बचें।

**मानसिक स्वास्थ्य पर असर:** हालांकि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। लेकिन खुले तौर पर अपनी परेशानियों को साझा करने में अब भी झिझक महसूस होती है। तनाव, चिंता, अकेलापन और अवसाद जैसे मनोभाव, किसी को भी प्रभावित कर सकते हैं, चाहे वह बाहरी रूप से कितनी भी खुश क्यों न दिखे। जब तक आप मेंटली हेल्दी नहीं होंगी, खुश नहीं रह सकती हैं।

**खुद के साथ समय बिताएं:** खुश रहना मन की एक अवस्था है। इस पाने की शुरुआत खुद को समय देने से होती है। इसके लिए सबसे पहले सुबह उठकर कुछ मिनट ध्यान या गहरी सांसें लें। हफ्ते में एक दिन सिर्फ अपने पसंदीदा काम के लिए रखें। नित्य प्रकृति के साथ समय बिताएं।

**सोशल मीडिया पॉजिटिव हैबिट्स:** सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाना जरूरी नहीं, बल्कि इसे अपने लिए पॉजिटिव बनाने की आदत कारगर है। ऐसे पेज और अकाउंट फॉलो करें, जो प्रेरणा और सुकून देते हों, ऐसे लोगों को रोल मॉडल बनाएं, जिनकी कथनी और करनी में अंतर ना हो। सबसे जरूरी है कि सोशल मीडिया को यूज करने का समय सीमित करें।

**थोड़ा रिलैक्स होना भी है जरूरी:** मुस्कान सिर्फ होंठों पर नहीं, मन में भी होनी चाहिए। अगर आज आपको लगता है कि आप थक गई हैं, तो इसे स्वीकार करें और कुछ देर रिलैक्स जरूर करें। याद रखें, रुकना, सांस लेना और फिर से शुरू करना बिल्कुल ठीक है। इसलिए थकान महसूस होने पर रिलैक्स होना भी जरूरी है। इससे मन को ताजगी अहसास होता है।

### बात करना और सुनना

**कभी-कभी** हमें लगता है कि हमारे पास कहने के लिए सही शब्द नहीं हैं या लोग हमें समझेंगे नहीं। लेकिन सच यह है कि सही लोगों से बातचीत आधी परेशानी हल कर देती है। दोस्त, परिवार या कोई भरोसेमंद सहकर्मी। किसी से भी अपनी बात कह देना, मन को हल्का कर सकता है। उतना ही जरूरी है, दूसरों को सुनना क्योंकि हो सकता है उनकी बातों में भी वही कहानी छुपी हो, जिससे आप खुद गुजर रही हों।



सलाह
प्रतिभा अग्निहोत्री

आज भी काफी लोग रेडीमेड स्वेटर के बजाय हाथ के बुने स्वेटर पसंद करते हैं। हाथ से बने स्वेटर बनाते समय कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। इन बातों को अमल में लाएंगी तो आपकी बुनाई कुछ अलग ही रंग जमाएगी।

## सर्दियों में बुनाई करते समय रखें इन बातों का ध्यान



आजकल हाथ के बुने स्वेटर का चलन कुछ कम हो गया है लेकिन स्वेटर बुनने के शौकीन अपने हाथों को रोक ही नहीं पाते। साथ ही फैशन कोई भी हो कुछ लोंगों को बाजार के रेडीमेड स्वेटर की अपेक्षा हाथ के बुने स्वेटर ही पसंद आते हैं। छोटे बच्चों को तो आज भी माताएं हाथ के बने स्वेटर ही पहनाना पसंद करतीं हैं, क्योंकि रेडीमेड स्वेटर्स की अपेक्षा हाथ के बुने स्वेटर्स ज्यादा गरमाते हैं। यदि आप भी बुनाई की शौकीन हैं तो यहां बताई जा रही बातें ध्यान में जरूर रखें, जो स्वेटर बुनते समय आपके लिए बहुत उपयोगी और फायदेमंद होंगी-

- ऊन खरीदने से पहले किसके लिए क्या बनाना है,यह सुनिश्चित कर लें, क्योंकि बच्चों के लिए गहरे रंग, बड़ों के लिए हल्के और लड़के-लड़कियों के रंग भी अलग-अलग होते हैं।
- छोटे बच्चों के लिए फर वाली या फैशनेबल ऊन खरीदने की अपेक्षा अच्छे ब्रांड का बेबी वूल ही खरीदें, क्योंकि यह एकदम नरम और बिना रोएं वाली होती हैं।
- ऊन हमेशा आवश्यकता से कुछ अधिक ही खरीदें, क्योंकि कम पड़ने पर अकसर उसी शेड की ऊन मिलना मुश्किल हो जाता है।
- मोटी प्लाई के लिए कम नंबर की और पतली प्लाई वाली ऊन के लिए अधिक नंबर की सलाई को यूज करें।
- गले, बाहों और कमर के बॉर्डर के लिए दो नंबर अधिक की सलाई लें अर्थात यदि बॉर्डर 10 नंबर से बना रही हैं तो पूरा स्वेटर 8 नंबर से बनाएं, इससे स्वेटर देखने में तो अच्छा लगेगा ही बॉर्डर लूज भी नहीं होगा।
- बुनाई करते समय बुनने वाली सलाई को पूरा खत्म करके ही उठें अन्यथा फंदे निकलकर आपके स्वेटर डिजाइन को ही खराब कर सकते हैं।
- फंदे सदैव कड़े हाथ से और दोहरी ऊन से ही डालें, क्योंकि ढीले हाथ से डाले गए फंदे बाद में और ढीले हो जाएंगे और स्वेटर का आकार ही बिगड़ जाएगा।



- बुनाई करते समय ऊन के गोलों को एक पॉलीथिन बैग में रखें, जब बुनाई बंद करें तो इसी में बुने स्वेटर को सलाई सहित रखें, इससे आपका आधा बुना स्वेटर गंदा नहीं होगा।
- छोटे बच्चों के स्वेटर पर ऊपर किसी भी प्रकार के मोती, नग, सितारे, कुंदन आदि न लगाएं, क्योंकि वे इन्हें मुंह में डाल सकते हैं। उनके स्वेटर पर कढ़ाई इत्यादि करने के लिए धागे या ऊन का ही प्रयोग करें।
- स्वेटर बनाने के बाद उल्टी तरफ निकले धागों और गांठों को कैंची से थोड़ा-सा काटकर क्रोशिया या सलाई की सहायता से ऊन के धागों में छिपा दें।
- जहां तक संभव हो छोटे बच्चों के स्वेटर एक से अधिक रंग के और अधिक डिजाइन वाले न बनाएं ताकि ऐसे स्वेटरों या मोजों को पहनते समय उनके हाथ-पैर आदि इनके धागों में न उलझें।
- दो रंग का स्वेटर बनाते समय एक रंग की अपेक्षा 10-12 फंदे अधिक डालें, क्योंकि दो रंग के धागे आपस में उलझकर खिंचते हैं।




## अप्लाई करें हेयर परफ्यूम
## बालों से आएगी भीनी-भीनी खुशबू



हेयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

हेयर परफ्यूम, बालों को सुगंधित करने के साथ फ्रेश लुक देने में भी मदद करते हैं। हेयर परफ्यूम रूखे, फ्रिजी और बेजान बालों पर असरदार साबित होता है। लेकिन इसे अप्लाई करने से पहले इसके बारे में जानना भी जरूरी है।

**हेयर परफ्यूम की खासियतें:** हेयर परफ्यूम का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। इसकी खुशबू आम परफ्यूम से हल्की होती है, इसका ज्यादा इस्तेमाल करना मुश्किल नहीं होता है। जिस तरह आप बॉडी परफ्यूम का इस्तेमाल करती हैं, ठीक उसी तरह बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। ये बालों को अपनी खुशबू से महकाता और साथ-साथ बालों को मॉयश्चराइज भी करता है, जिससे बाल हेल्दी और तरोताजा नजर आते हैं। इनसे बाल और भी आकर्षक नजर आते हैं। हेयर परफ्यूम, बालों को सुंदर दिखाने के साथ ही लग्जरी टच जोड़ता है और आपको ताजगी महसूस करवाता है। कुछ लोग बॉडी परफ्यूम को ही बालों पर छिड़क लेते हैं, लेकिन उसमें अल्कोहल होता है, जो बालों को और ज्यादा रूखा और बेजान बना देता है। जबकि हेयर परफ्यूम में अल्कोहल की मात्रा बहुत कम होती है, इसलिए यह आपके बालों के लिए ज्यादा सुरक्षित है। यह आमतौर पर वाटर बेस्ड होता है, इसलिए यह आपके बालों को भारी नहीं बनाता है और न ही उन्हें रूखा या चिपचिपा बनाता है। हालांकि बाजार में ब्रांडेड हेयर स्प्रे भी मिलते हैं लेकिन आप चाहें तो घर पर हर्बल हेयर स्प्रे बना सकती हैं।



**रोज एसेंस हेयर परफ्यूम:** गुलाब की खुशबू का हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 2 चम्मच गुलाब का तेल, 1 चम्मच जोजोबा ऑयल और 5 चम्मच गुलाब जल को एक स्प्रे बॉटल में डाल कर मिक्स करें। आपका होममेड गुलाब की खुशबू वाला हेयर परफ्यूम तैयार है। शादी समारोह या पार्टी में जाने से पहले इस हेयर परफ्यूम को बालों पर लगाएं।

**गुलाब जल और विच हेजल:** कांच के एक बर्तन में आधा चम्मच गुलाब जल और एक चम्मच विच हेजल (स्किन केयर में यूज किया जाने वाला एक पौधा) को अच्छी तरह मिला लें। अब इस मिश्रण में पांच बूंदें गुलाब के तेल की मिलाकर मिश्रण को स्प्रे बॉटल में डाल लें। यह हेयर परफ्यूम स्प्रे तैयार है।

**हेयर परफ्यूम ऐसे लगाएं:** सबसे पहले बॉटल को अपने बालों से लगभग छह से आठ इंच की दूरी पर रखें। इसके बाद, हल्का स्प्रे करें। ध्यान रहे कि यह बालों के बीचों-बीच और सिरों पर ज्यादा केंद्रित हो। जड़ों की बजाय बालों के बीच की लंबाई और सिरे पर ध्यान दें, ताकि परफ्यूम का समान वितरण हो सके। यह तरीका खुशबू को समान रूप से फैलाने में मदद करता है।

कम तापमान, ठंडी हवाएं और प्रदूषण की वजह से कुछ लोग एलर्जी की समस्याओं से ग्रस्त हो जाते हैं। अगर ध्यान नहीं देंगी तो यह समस्या बढ़ भी सकती है। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए बचाव के उपाय अपनाना जरूरी है।

## सर्दी के मौसम में हो सकती है एलर्जी

हेल्थ सजेशन
डॉ. अश्वनी कानेटकर
होम्योपैथ कंसल्टेंट

बदलते मौसम में ही नहीं बहुत अधिक ठंड के दिनों में भी तरह-तरह की एलर्जी की समस्याएं हो सकती हैं। धूप ज्यादा न होने से हवा में नमी और रूखापन बढ़ने लगता है। ऐसे मौसम में कई बैक्टीरिया और फफूंदी पैदा होने लगते हैं, जो हमारी त्वचा, आंखों और सांस की नलियों में प्रवेश करके उन पर सीधा असर डालते हैं। परिणामस्वरूप कई तरह की एलर्जी के मामले सामने आने लगते हैं।

**एलर्जी के मुख्य कारण:** इन दिनों धूप की कमी की वजह से हवा में नमी बढ़ी हुई है। इसके अलावा कई शहरों, महानगरों में प्रदूषण का स्तर भी काफी बढ़ा हुआ है। कोहरा और प्रदूषण मिलकर शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करते हैं। इस दौरान कई तरह के बैक्टीरिया, धूल के कण और प्रदूषक पदार्थ की वजह से एलर्जी की समस्या पैदा होती है।

**इन लक्षणों का रखें ध्यान:** एलर्जी के लक्षण सामान्य तौर पर सर्दी-जुकाम जैसे लग सकते हैं। लेकिन अगर ये लंबे समय तक बने रहें तो डॉक्टर से परामर्श करना जरूरी हो जाता है। किसी भी तरह की एलर्जी का सही ट्रीटमेंट न करने से शारीरिक समस्या और गंभीर हो सकती है। इसलिए यहां बताए जा रहे लक्षणों पर नजर रखें और डॉक्टर से कंसल्ट करने में देर ना करें।



**लगातार छींक आना:** हवा में मौजूद नमी, नाक और श्वास नलियों को प्रभावित करती है, जिससे कई लोगों को या तो लगातार छींके आने लगती हैं या फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। बुखार भी आ सकता है। कुछ लोगों को ऐसे लक्षण केवल सुबह या शाम के समय दिखते हैं, जबकि दिन में तापमान बढ़ने पर ये लक्षण अपने आप रुक जाते हैं।

**आंखों में जलन:** इस मौसम में हवा में रूखापन बहुत बढ़ जाता है, जिससे कुछ लोगों में आंखों का लाल होना या आंखों में जलन और पानी निकलने जैसी समस्याएं दिखने लगती हैं।

**त्वचा पर रैशेज या ईचिंग:** कई बार इंड के मौसम में हवा में मौजूद फंगस त्वचा की समस्याओं को बढ़ा देते हैं, जिससे रैशेज और इचिंग की समस्या बढ़ती है। रूखी हवाओं की वजह से समस्या बढ़ती है।

प्रस्तुति: बुशरा फातिमा

### अपनाएं बचाव के उपाय

सर्दी के मौसम में होने वाली एलर्जी की समस्याओं से बचाव के लिए आप यहां बताए जा रहे उपाय आजमा सकती हैं।

- जब भी धूप निकले कुछ देर रोजाना धूप में जरूर बैठें। इससे कई तरह की एलर्जी से आपका बचाव होगा।
- पहनने वाले कपड़े और बिस्तर नम न हों इसका ध्यान रखें। जब भी धूप निकले इसे जरूर सुखाएं।
- अगर एलर्जी या इंफेक्शन की वजह से नाक और गले में दर्द हो रहा हो तो भाप लेना फायदेमंद होता है।
- अपनी इम्यूनिटी को बढ़ाने के लिए घर का बना काढ़ा जिसमें हल्दी, गिलोय, नीबू, तुलसी आदि शामिल हो, उसका नियमित सेवन करें। इससे आप कई तरह की एलर्जी से बची रहेंगी।
- विटामिन-सी युक्त फलों जैसे संतरा, नीबू, अमरूद आदि का अधिक सेवन करें।
- होम्योपैथी में कुछ दवाएं एलर्जी से बचाती हैं। आप इनका सेवन डॉक्टर के कंसल्टेशन से कर सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय मानव तस्करी दिवस पर किया जागरूक

**सोनीपत।** राष्ट्रीय मानव तस्करी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत द्वारा बस अड्डा, सोनीपत के निकट स्थित झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता विकास सैनी द्वारा राष्ट्रीय मानव तस्करी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मानव तस्करी की परिभाषा, उसके प्रकार, कारण, दुष्परिणाम तथा उससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### बाइक चोरी मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अमित और अनिल निवासी पंचम नगर सोनीपत हाल कृष्णा कॉलोनी गुरुग्राम के रूप में हुई है।

### यूनिवर्सिटी फेयर में विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन हेतु यूनिवर्सिटी फेयर का आयोजन किया गया। इस फेयर में देश की कई विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया। विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से विद्यार्थियों को स्नातक, परास्नातक, प्रोफेशनल कोर्स, स्कॉलरशिप, प्रवेश प्रक्रिया एवं करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई।

### प्रदेश में चौथा सबसे कम न्यूनतम तापमान वाला जिला

# हाड़ कंपाने वाली ठंड : कोहरे की चादर में लिपटा जिला, न्यूनतम तापमान @1.6

- सोमवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री पर पहुंचा जो प्रदेश में सबसे अधिक गर्म दिन रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में प्रकृति के बदले मिजाज ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त व्यस्त कर दिया है। सोमवार का दिन इस सीजन का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया जिसमें बर्फीली हवाओं और घने कोहरे ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा दी। रात के समय से ही शुरू हुआ ठंड का प्रकोप सुबह होते होते और अधिक गहरा गया। समूचा जिला घने कोहरे की सफेद चादर में लिपटा नजर आया जिससे सड़क से लेकर रेल यातायात तक बुरी तरह प्रभावित हुआ। बर्फीली हवाओं के चलने से ठिठुरन इतनी अधिक बढ़ गई है कि लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गए हैं। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और जो वाहन निकले भी वे अपनी हेडलाइट जलाकर रेंगते हुए आगे बढ़ते दिखे। सोनीपत में सोमवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 1.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जो सामान्य से 2.1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हालांकि अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा जो प्रदेश भर में सबसे अधिक रहा लेकिन दिनभर चली ठंडी हवाओं ने धूप के असर को पूरी तरह बेअसर कर दिया। सुबह करीब साढ़े नौ बजे सूर्य देव ने दर्शन तो दिए परंतु उनकी तपिश बर्फीली हवाओं के सामने टिक नहीं सकी। दो किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली उत्तर पश्चिमी हवाओं ने लोगों को दिन में भी अलाव जलाने पर मजबूर कर दिया। दफ्तर जाने वाले लोगों और स्कूली बच्चों के लिए यह मौसम सबसे अधिक कष्टकारी साबित हो रहा है। कोहरे का सबसे बड़ा असर नेशनल हाईवे और रेलवे संचालन पर देखने को मिला। दृश्यता कम होने के कारण हाईवे पर चलने वाले भारी वाहनों की गति बेहद धीमी रही जिससे कई स्थानों पर जाम जैसी स्थिति पैदा हो गई। कंपकपाती ठंड के बीच खुले आसमान के नीचे काम करने वाले मजदूरों और रेहड़ी पटरी वालों की आजीविका पर भी बुरा असर पड़ा है।


सोनीपत। सुबह के समय छाया कोहरा।

#### किसानों के चेहरे खिले, रबी के लिए फायदा

जहां एक ओर आम आदमी इस कड़ाके की ठंड से बेहाल है वहीं दूसरी ओर जिले के किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। कृषि विशेषज्ञों और विभाग के अधिकारियों का मानना है कि यह मौसम रबी की फसलों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। कृषि विभाग के एसडीओ डॉ. राजेंद्र कुमार के अनुसार वर्तमान में चल रही शीतलहर गेहूं की फसल के लिए बेहद लाभदायक है। इस समय पड़ने वाली ठंड से गेहूं के पौधों में फुटाव अधिक होता है जिससे आने वाले समय में पैदावार में भारी बढ़ोतरी की उम्मीद की जा सकती है। किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों तक तापमान इसी तरह बना रहता है और अचानक से गर्मी नहीं बढ़ती है तो गेहूं की गुणवत्ता और मात्रा दोनों ही बेहतर रहेंगे।

#### एक्यूआई में मामूली बढ़ोतरी

दिलचस्प बात यह है कि एक ओर जहां तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई वहीं जिले के वायु गुणवत्ता सूचकांक में मामूली उतार चढ़ाव जारी है। सोमवार को एक्यूआई 139 दर्ज किया गया जो मध्यम श्रेणी में आता है। हालांकि प्रदूषण का स्तर नियंत्रण में है लेकिन कोहरे और धुएं के मिलने से स्मॉग जैसी स्थिति बनने का खतरा बना रहता है।

#### आगामी दिनों में कोहरे के आसार

मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। सोमवार को सुबह कोहरा और उसके बाद शीतलहर के चलते लोग ठंड से कांपते रहे। सूर्य निकलने के बाद भी ठंडी हवाओं के कारण दिनभर ठंड का असर बना रहा। आगामी दिनों में हल्का कोहरा छाने के आसार बने हुए हैं, इससे तापमान में भी गिरावट आएगी।

*डा. प्रेमदीप, मौसम विज्ञानी, केवीके, जगदीशपुर।*

#### स्वास्थ्य पर प्रभाव, बढ़ रहे मरीज

मौसम के इस बदलाव का सीधा असर स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। नागरिक अस्पताल और निजी क्लीनिकों में सर्दी जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी हुई है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि इस मौसम में विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों का खास ख्याल रखा जाए।

#### कौन सी ट्रेन कितनी देरी से चली

| गाड़ी संख्या व नाम | लेट |
|---|---|
| **डाउन लेन की ट्रेनें** | |
| 12312 नेताजी एक्सप्रेस | 1:00 घंटा |
| 64464 पानीपत-नई दिल्ली मेमू | 1:00 घंटा |
| 64472 पानीपत-गाजियाबाद मेमू | 1:25 घंटे |
| 64002 पानीपत-दिल्ली मेमू | 1:27 घंटे |
| 64470 पानीपत-नई दिल्ली मेमू | 20 घंटे |
| 64462 कुरुक्षेत्र-हजरत निजामुद्दीन मेमू | 1:30 घंटे |
| 64452 पानीपत-नई दिल्ली मेमू | 1:20 घंटे |
| 11078 झेलम एक्सप्रेस | 5:50 घंटे |
| 14508 बठिंडा एक्सप्रेस | 1:30 घंटे |
| 14680 दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस | 3:27 घंटे |
| 64454 कुरुक्षेत्र-दिल्ली मेमू | 1:40 घंटे |
| 11842 गीता जयंती एक्सप्रेस | 1:00 घंटा |
| 12498 शान ए पंजाब एक्सप्रेस | 2:00 घंटे |
| **अप लेन की ट्रेनें** | |
| 15707 आम्रपाली एक्सप्रेस | 2:43 घंटे |
| 12919 मालवा एक्सप्रेस | 3:40 घंटे |
| 64465 नई दिल्ली-कुरुक्षेत्र मेमू | 1:21 घंटे |
| 11841 गीता जयंती एक्सप्रेस | 2:35 घंटे |
| 14679 अमृतसर इंटरसिटी एक्सप्रेस | 1:47 घंटे |

## लीन योजना से बढ़ाई जा सकती है उद्योगों की कार्यक्षमता : कौशिक


गन्नौर। उद्योग जागरूकता कार्यक्रम में कंपनी संचालक एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान नवीन कौशिक व अन्य।

- एमएसएमई प्रतिस्पर्धी (लीन) योजना पर उद्योग जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर के जीटी रोड स्थित होटल ईडन ग्रीन के सम्मेलन कक्ष में सोमवार को एएफसी इंडिया लिमिटेड द्वारा एमएसएमई प्रतिस्पर्धी (लीन) योजना (एमसीएलएस) पर उद्योग जागरूकता का आयोजन किया गया। एएफसी इंडिया लिमिटेड के रीजनल मैनेजर एस. बी. कटियार ने कहा कि ग्रामीण समृद्धि के लिए समर्पित एक प्रमुख विकास संस्थान है और नाबार्ड, वाणिज्यिक बैंकों तथा एक्जिम बैंक के स्वामित्व में मानित सरकारी संगठन के रूप में कार्य कर रहा है। एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान नवीन कौशिक ने कहा कि सरकार एमएसएमई क्षेत्र को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानती है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इसे सशक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। लीन योजना के माध्यम से उद्योगों को आधुनिक प्रबंधन तकनीकों से जोड़कर उनकी कार्यक्षमता बढ़ाई जा सकती है। इस मौके पर निशांत गोयल, नवजोत सिंह, अनिल कौशिक, अमित त्यागी, जगदीप मोर, अजय मलिक, हरिओम शर्मा, हरीश कौशिक, कमल पराशर, सुरेश खत्री, मंजीत धनखड़, रोहित त्यागी, इशान गुप्ता आदि कंपनी संचालक मौजूद थे।

### कांग्रेसियों ने मनाया प्रियंका गांधी का जन्मदिन

**सोनीपत।** कांग्रेस भवन सोनीपत मे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष धर्मपाल मलिक एवं प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट की उपस्थिति में राष्ट्रीय महासचिव एवं सासंद प्रियंका गांधी का जन्मदिन केक काट कर मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए धर्मपाल मलिक ने कहा कि प्रियंका गांधी जी एक संघर्षशील नेता और ओजस्वी वक्ता है। उन्होंने जब से देश की राजनीति मे प्रवेश किया है तभी से वो देश के किसान, मजदूरों और महिलाओं की आवाज बनकर उभरी हैं।

## स्वदेशी अपनाने से राष्ट्र होगा विकसित : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती पर भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में 'रन फॉर स्वदेशी' कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विकसित भारतः युवाओं की शक्ति से राष्ट्र निर्माण थीम पर आधारित था। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि हमारे विवि द्वारा आयोजित रन फॉर स्वदेशी केवल एक दौड़ नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र चेतना, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक गौरव का सशक्त संदेश है। स्वामी विवेकानंद का संपूर्ण जीवन हमें आत्मबल, आत्मविश्वास और स्वाभिमान की शिक्षा देता है। स्वामी ने कहा था उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।जब हम स्वदेशी अपनाएंगे तभी देश का हर व्यक्ति आत्मनिर्भर बनेगा और राष्ट्र का सम्पूर्ण विकास होगा। कुलपति ने कार्यक्रम में विवि स्टाफ और छात्राओं को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, छात्रा कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह व एनएस को-ऑर्डिनेटर डॉ. बबीता विशेष रूप से उपस्थित रहे।


गोहाना। रन फॉर स्वदेशी को हरी झंडी दिखाते हुए कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

### ठेका सफाई कर्मचारियों की वापसी की मांग पर सहमति नहीं

**सोनीपत।** नगर निगम कार्यालय में ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच से जुड़े मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ व सहयोग बलि सेना यूनियन का धरना लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, जबकि संचालन सहसचिव युधिष्ठिर ने किया। धरने को संबोधित करते हुए प्रधान मुकेश टांक ने कहा कि निगम अधिकारियों के कानों पर अब तक कोई जूं नहीं रेंगी है। हटाए गए सफाई कर्मचारियों को दोबारा नौकरी पर वापस लेने को लेकर कोई सहमति नहीं बन पाई है। वहीं जिन कर्मचारियों का चार माह का ईएसआई और ईपीएफ काटा गया है, उसका भुगतान भी अब तक नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार ने पिछले चार महीनों का ईएसआई व ईपीएफ देने से साफ मना कर दिया है। मुकेश टांक ने कहा कि निगम अधिकारियों द्वारा सफाई कर्मचारियों का जातीय शोषण किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है।



### एचएसवीपी डिवीजन सोनीपत में यूनियन पदाधिकारियों की बैठक

**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच से संबंधित हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच तथा हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने कार्यकारी अभियंता पवन कुमार, एचएसवीपी डिवीजन सोनीपत से मुलाकात की। यह मुलाकात प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर के नेतृत्व में हुई। इसके बाद सेक्टर-15 स्थित हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन कार्यालय में एक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता सुरेश कुमार रोहिल्ला ने की, जबकि संचालन जितेंद्र सिंह और सुरेंद्र रंगा ने संयुक्त रूप से किया। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर और सुरेश रोहिल्ला ने बताया कि कार्यकारी अभियंता पवन कुमार ने कौशल रोजगार निगम के सभी कर्मचारियों का रिकॉर्ड वेरीफाई कर निर्धारित तिथि से पहले मुख्यालय भेजने का आश्वासन दिया है।

# भारत केसरी कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दिखाया दम

**हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति ने गोहाना में प्रतियोगिता करवाई, देश के कोने-कोने से पहुंचे पहलवानों ने किया प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति द्वारा भारत केसरी दंगल व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। दंगल में देश के कोने-कोने से दिग्गज पहलवानों ने पहुंचकर अपना दम दिखाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष पं. धर्मबीर गौड़ ने की और संयोजन समिति के युवा अध्यक्ष पं. परशुराम गौड़ का रहा।


गोहाना। पहलवानों को आशीर्वाद देते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व अन्य अतिथिगणा। फोटो : हरिभूमि

**कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष पं. धर्मबीर गौड़ ने की**

#### मुख्य अतिथि के रूप में इन्होंने की शिरकत

मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, प्रयागराज से पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, दमन दीव से सांसद उमेश भाई पटेल, गन्नौर से विधायक देवेंद्र कादियान, कर्मवीर सैनी आरटीआई कमिश्नर, गुलाब सिंह सैनी अध्यक्ष एशियन कबड्डी फेडरेशन, खरखौदा से विधायक पवन, देवेंद्र शर्मा भारतीय कुश्ती संघ चेयरमैन (प्रोटोकॉल समिति), पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान, समाजसेवी इंद्रजीत विरमानी, नप पूर्व अध्यक्ष सुनील मेहता, भिवानी से ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष शिलक राम शर्मा, गोहाना जिला अध्यक्ष विजेंद्र मलिक, सोनीपत जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, उपमा कपूर प्रदेश अध्यक्ष हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, सोनीपत से उद्योगपति विपिन कुच्छल व अंकित बैंयापुर रहे।

#### ये रहा परिणाम

कुश्ती दंगल में 2 लाख रुपये के इनाम की पहली कुश्ती रोहित लाडपुर और आशीष गोदड़ी के बीच बराबर रही। 1 लाख रुपये के इनाम की दूसरी कुश्ती भोला काशनी और रवि गांधार के बीच हुई जो बराबर रही। 71 हजार रुपये के तीसरे इनाम की तीसरी कुश्ती रोहित फौजी और दीपांशु सांपला के बीच हुई। इस मुकाबले में दीपांशु सांपला विजेता बने।

## न्यूज डायरी

### स्वदेशी संकल्प दौड़ से दिया राष्ट्रीय एकता व स्वस्थ जीवनशैली का संदेश

**गन्नौर।** स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जैन गर्ल्स कालेज में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी अपनाने, राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कालेज के प्राचार्य डा. मनोज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इस अवसर पर डा. मनोज कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को आत्मबल, राष्ट्रसेवा और एकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा को स्वदेशी के महत्व को समझते हुए अपने जीवन में अपनाना चाहिए। दौड़ में कालेज की एनएसएस यूनिट, रेड रिबन क्लब, ईको क्लब, रोट्रेक्ट क्लब, यूथ रेड क्रास यूनिट सहित छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। राजकीय कालेज बड़ोता से आए डा. विकास ने छात्राओं को एकता, अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने की शपथ दिलाई।



### श्री राधा-कृष्ण गोपाल आदर्श गोशाला में मनाया मकर संक्रांति उत्सव

**गन्नौर।** श्री राधा-कृष्ण गोपाल आदर्श गौशाला सांदल में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में वार्षिक उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक देवेंद्र कादियान ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इससे पूर्व हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कीं। उत्सव के दौरान कलाकारों ने गौ माता की महिमा पर आधारित भजनों और रागनियों की प्रस्तुति दी और गौ संरक्षण और सेवा का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि गौ माता हमारी संस्कृति और सभ्यता की आधारशिला हैं। उनका संरक्षण और सेवा करना समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संत गोपालदास, गौशाला कमेटी प्रधान सतपाल बोस, उपप्रधान हेमचंद्र लाकड़ा, मामन सिंह, राज सिंह पूर्व प्रधान आदि मौजूद रहे।



### 'तेरा नाम लिया तुझको पुकारा, श्याम तेरी बंसी पुकारे' भजनों पर श्रोता हुए भाव-विभोर

**गन्नौर।** हरियाणा पंजाबी संघ, गनौर द्वारा लोहड़ी पर्व के उपलक्ष्य में भव्य भजन संध्या एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र कुकरेजा ने की। भजन गायक राजीव शास्त्री एवं उनकी टीम भक्ति गीत प्रस्तुत किए। तेरा नाम लिया तुझको पुकारा, श्याम तेरी बंसी पुकारे जैसे भजनों पर श्रोता भाव-विभोर हो उठे। भक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भजन संध्या के उपरांत पवित्र लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलित की गई। उपस्थित लोगों ने अग्नि के चारों ओर परिक्रमा कर पारंपरिक लोहड़ी गीत गाए और सुख-समृद्धि की कामना की। मूंगफली, रेवड़ी, गज्जक अर्पित कर लोहड़ी की परंपराओं का निर्वहन किया गया। इसके बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। हरियाणा पंजाबी संघ के प्रधान दीपक बजाज ने सभी आए हुए अतिथियों, कलाकारों और संघ के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी, प्रीतम आहूजा, जीत मुटरेजा, संजीव, रमेश कुकरेजा, रिंकू, रामलाल मनचंदा, अशोक, धर्मचंद खन्ना मौजूद थे।



### आयुष्मान कार्ड पर पैसे लेने व ऑपरेशन में मौत के मामले में कार्रवाई की मांग

**सोनीपत।** प्राइवेट अस्पतालों द्वारा इलाज के नाम पर की जा रही लूट, आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद मरीजों से पैसे वसूलने और ऑपरेशन के दौरान करेवड़ी निवासी जगदीश की मौत के विरोध में सोमवार को नागरिक अस्पताल में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले में सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं न मिलने के कारण आम जनता मजबूरी में प्राइवेट अस्पतालों का रुख कर रही है। इसका फायदा उठाकर निजी अस्पताल इलाज और दवाइयों के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ सांसद, विधायक और मंत्री बेहतर सरकारी इलाज की सुविधा ले रहे हैं, जबकि आम आदमी इलाज के लिए भटकने को मजबूर है और उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने बताया कि सामान्य अस्पताल की स्थिति बेहद खराब है।



**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

